प्रेस विज्ञप्ति

उ0 प्र0 शासन के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उच्च शिक्षा में अध्ययनरत संस्थागत छात्रों हेतु दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को आवासीय सुविधा हेतु **राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी. पी. आई. कैम्पस, स्वरूपरानी चिकित्सालय के पास, प्रयागराज (उ0 प्र0)** में प्रवेश हेतु 15 जून 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश आवेदन पत्र निःशुल्क किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में उपरोक्त विधा के दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक संस्थान की प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति उपलब्ध करानें पर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश छात्रों को मेरिट एवं उनकी दिव्यांगता की प्रतिशत के आधार पर दिया जायेगा। यह प्रवेश एक शैक्षिक सत्र अथवा आगामी 30 जून 2027 तक के लिये किया जायेगा। प्रवेश के समय दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, जिस संस्था में अध्ययनरत है वहां की फीस रसीद की छायाप्रति तथा तीन फोटो, राजकीय चिकित्सालय का स्वस्थता प्रमाण पत्र एवं जिस संस्था में छात्र संस्थागत रूप से अध्ययनरत हैं वहां के संस्थाध्यक्ष अथवा सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति आवश्यक है। छात्रों को प्रत्येक माह निर्धारित शुल्क एवं छात्रावास के मेस का शुल्क माह की प्रथम तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा। छात्रावास के शुल्क आदि का विवरण निम्न है

1.	**प्रवेश शुल्क–**	(एक बार)	रू0 200.00	अनु0जाति / जनजाति
		(एक बार)	रू0 300.00	अन्य वर्ग / श्रेणी के लिए
2.	**काशन मनी–**	(एक बार)	रू0 200.00	सभी श्रेणी के लिए
3.	**कक्ष का किराया–**	(प्रति माह)	रू0 50.00	सभी श्रेणी के लिए
4.	**विद्युत व्यय–**	(प्रति माह)	रू0 50.00	सभी श्रेणी के लिए

5. **भोजन व्यवस्था**–सभी छात्रों को छात्रावास में भोजन करना अनिवार्य होगा। भोजन छात्रों की मेस समिति एवं अनुबंधित कान्टेक्टर द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। कान्टेक्टर द्वारा निर्धारित डाइट (प्रति माह की दर से) की धनराशि का छात्र द्वारा व्यय / वहन करना होगा। छात्रावास के अन्य नियमों की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में छात्रावास से प्राप्त की जा सकती है।

संस्थागत रूप से उपरोक्त विधा में जो भी उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित छात्र प्रवेश हेतु इच्छुक हो, वह अपना पंजीकरण आवश्यक अभिलेख के साथ उपरोक्त अवधि में कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक उपस्थित होकर करा सकते है।

OFFICE OF THE DSW
No. 439
Dt. 24/06/2026

(दिनेश कुमार मिश्रा)
प्रभारी अधीक्षक
राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास,
(उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् छात्रों हेतु)
प्रयागराज।

कार्यालय– अधीक्षक, राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास (उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों हेतु) प्रयागराज (उ0 प्र0)।

पत्रांक– 15 /रा.दृ.बा.छा./वि.ज.स.वि./प्रवेश पत्रा0/2026–27 दिनांक 15.06.2026

प्रतिलिपि– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित–

1. सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग .प्रयागराज की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति निःशुल्क दैनिक समाचार पत्रों में अनवरत प्रकाशित करानें की कृपा करें।
2. निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
5. उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
6. जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज।
7. कुलसचिव / डीन विद्यार्थी कल्याण परिषद / कोआर्डिनेटर जवाहरलाल नेहरू दिव्यांग केन्द्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद।
8. निदेशक / प्राचार्य जनपद के समस्त महाविद्यालय / प्राविधिक संस्थान / चिकित्सा संस्थान / आई. टी. आई. / पॉलिटेक्निक जनपद, प्रयागराज।

Chairman, ICT Cell Hon'd
23/06/2026
DSW
Pl. upload on website.
19/06/26
REGISTRAR

24/06/26
Dean Student Welfare
Allahabad University
Allahabad

राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास,
प्रयागराज।